पेज थ्री देहरादून
हमारा दून


अपर आयुक्त गढवाल एक वर्ष बाद ड्यूटी ज्वाइन करते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### ऊर्जा सचिव और सचिव मुख्यमंत्री राधिका झा का कार्यालय दोबारा सील

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड सचिवालय में कोरोना का बढ़ते प्रचंड रूप से सचिवालय में अधिकारी कर्मचारी दहशत में आए है और ऊर्जा सचिव और सचिव मुख्यमंत्री राधिका झा का कार्यालय दोबारा सील किया गया। यहां मिली जानकारी के अनुसार इसी प्रकार से अपर सचिव पर्यटन और आईएएस सोनिका का भी दफ्तर सील किया गया है और कई अनुभाग और अनुसचिवो के दफ्तर कोरोना के कारण सील कर दिये गये है और सचिवालय में कोरोना संक्रमण के कारण हडकम्प मच गया है।

### कांग्रेस ने डॉ. प्रणव मुखजी को श्रद्धांजलि अर्पित की

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. प्रणव मुखर्जी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इस अवसर पर कांग्रेस भवन में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भारतन रत्न पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. प्रणव मुखर्जी को श्रद्धांजलि हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रीतम सिंह की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, राजीव भवन, दून में एक शोक सभा का भी आयोजन किया गया।

### निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को कार्यक्रम निर्धारित

**संवाददाता** देहरादून। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 01 जनवरी 2021 की अर्हता के आधार पर फोटोयुक्त विधान सभा निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, जिनमें 01 अगस्त से 31 अक्टूबर तक मतदेय स्थलों, अनुभागों का पुनर्नि ाॅरण/पुनर्सीमांकन/पुनर्व्यवस्थापन, विभिन्न प्रकार की लॉजिकल त्रुटियों को नियमानुसार ठीक करना, समान प्रविष्टियों में से नियमानुसार एक प्रविष्टि को हटाने का कार्य।

### उत्तराखंड के समाजसेवी विनोद बछेती मयूर विहार दिल्ली भाजपा जिला अध्यक्ष नियुक्त

**संवाददाता** देहरादून। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद आदेश गुप्ता ने पहली संगठनात्मक नियुक्ति करते हुए 14 जिलों के जिला अध्यक्षों और 250 मंडल अध्यक्षों की सूची जारी की है। जिस मे दो सौ नए चेहरों को मौका दिया गया है। जिसमें उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में जन्में समाजसेवी विनोद बछेती को मयूर विहार दिल्ली के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। जिसके बाद उत्तराखंड वासियों में खुशी की लहर है।

# नर्सिंग स्टाफ का वेतन 24 घण्टे के अन्दर देने के निर्देश

**बैठक**

- आयुष विभाग के कार्मिकों से सम्बन्धित समस्या के निदान के निर्देश
- लिपिकीय त्रुटि के आधार पर वेतन को रोकने पर जताई नाराजगी
- आयुर्वेदिक विवि में संविलियन करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के आयुष एवं आयुष शिक्षा मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत ने विधान सभा स्थित सभाकक्ष में आयुष विभाग के कार्मिकों से सम्बन्धित समस्या के निदान के लिए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महिनों से रूके हुए नर्सिंग स्टाफ का वेतन 24 घण्टे के अन्दर देने की कार्यवाही करें। उन्होंने कोविड काल में नर्सिंग स्टाफ की विशेष भूमिका और सेवा की महत्ता को स्वीकार किया एवं लिपिकीय त्रुटि के आधार पर वेतन को रोकने पर नाराजगी व्यक्त की।

आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी, एमडी जो आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय में मानक पूरा करने के कारण सम्बद्ध हैं, आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय में संविलियन करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया।


आयुष विभाग की बैठक करते हुए विभागीय मंत्री डा. हरक सिंह रावत।

प्रशासकीय दक्षता बढ़ाने के लिए होम्योपैथिक निदेशालय और आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय मिनिस्टीरियल संवर्ग को एकल संवर्ग में बदलने के लिए नियमावली लायी जायेगी। आयुर्वेदिक विभाग में कार्मिकों के पेंशन इत्यादि की समस्या के समाधान के लिए प्रस्ताव लाया जायेगा। होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक फार्मेसी के रिक्त पद, पुराने नियमावली के अनुसार भरे जायेंगे। चतुर्थ श्रेणी के पद आयुर्वेदिक विभाग आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरे जायेंगे। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय का कार्य केवल डिग्री देना नहीं है बल्कि शोध और विकास कार्य करना भी है। विश्वविद्यालय प्रशासन से संबंधित प्रकरण पर विश्वविद्यालय अपने स्तर से निर्णय लेगा और आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय के पास मौजूद 72 करोड़ के फण्ड का उपयोग नियमानुसार प्रयोग करेगा। अन्तर्राष्ट्रीय आयुर्वेद शोध संस्थान के विकास व अन्य विकास के मद में उपयोग किया जायेगा।

इस अवसर पर सचिव आयुष डी. सेंथिल पांडियन, अपर सचिव वित्त देवेन्द्र पालीवाल, अपर सचिव कार्मिक एस.एस.वल्दिया, अपर सचिव आयुष राजेन्द्र सिंह, निदेशक डॉ0 वाई.एस.रावत एवं डॉ. राजेन्द्र सिंह तथा आयुर्वेदिक वि.वि. के वाइस चांसलर प्रो.सुनील कुमार जोशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## अपर आयुक्त गढवाल ने जीती कैंसर से जंग, एक वर्ष बाद ड्यूटी पर दी तैनाती

देहरादून। अपर आयुक्त गढवाल मण्डल हरक सिंह रावत द्वारा कैंसर जैसी असाध्य बिमारी से जंग जीतकर लगभग एक वर्ष बाद अपनी ड्यूटी पर तैनाती दी। वे 23 अगस्त 2019 से उपचार करवाने के लिए अवकाश पर थे तथा दृढ़ इच्छाशक्ति और जीवंत जीजीविषा का परिचय देते हुए स्वस्थ होकर ड्यूटी पर लौटे। अपर आयुक्त महोदय द्वारा कैंसर से जंग जीतने का श्रेय अपनी धर्मपत्नी, भाई, मित्रों और शुभचिन्तकों को दिया, जिन्होंने मुश्किल हालातों में उनको बिमारी से जंग लड़ने की प्रेरणा दी। श्री रावत ने अपने अनुभव साझा करते हुए अवगत कराया कि वे 23 अगस्त 2019 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली में उपचार हेतु भर्ती हुए। दोबारा रिलेप्स होने के पश्चात टाटा मेमोरियल संस्थान मुम्बई में ईलाज कराया। तीसरी बार रिलेप्स हुआ तो नानावटी अस्पताल मुम्बई में इलाज कराया। कहा कि तत्पश्चात बोन मैरों ट्रांस्प्लांट कराने के पश्चात उन्होंने कैंसर से जंग जीत ली।

# आंदोलनकारियों के बलिदान को प्रदेश हमेशा याद रखेगा: सीएम

**श्रद्धांजलि**

- सीएम ने खटीमा गोली कांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि


सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत (फाइल फोटो)।

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने खटीमा गोलीकांड के शहीदों का याद करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण में अपने प्राणों की आहुति देने वाले राज्य आंदोलनकारियों के बलिदान को प्रदेश हमेशा याद रखेगा। राज्य सरकार शहीद आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप समृद्ध और प्रगतिशील उत्तराखंड बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भी बलिदानियों को याद करते हुए नमन किया। राज्य आंदोलन के दौरान एक सितंबर 1994 को हुए खटीमा कांड के बलिदानियों को प्रदेशभर में श्रद्धांजलि दी गई। विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने उन्हें याद किया गया। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि प्रदेशवासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाया गया है, जिससे प्रदेश का सप्पूर्ण विकास हो सके। सीएम रावत ने ये भी कहा कि हमने पलायन को रोकने, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी तेजी और पारदर्शिता से कार्य किया है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री अरविंद पांडेय, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खटीमा विधायक पुष्कर सिंह धामी और राज्य आंदोलनकारी जुड़े थे।

## राज्य का सपना आन्दोलन के शहीदों की शहादत के कारण साकारः प्रीतम सिंह

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय राजपुर रोड़ में खटीमा गोलीकाण्ड की बरसी पर प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने राज्य निर्माण आन्दोलन में खटीमा गोलीकाण्ड में शहीद हुए आन्दोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य का सपना आन्दोलन के शहीदों की शहादत के कारण साकार हो पाया उत्तराखण्ड राज्य शहीद आन्दोलनकारियों की धरोहर है जिन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर राज्य निर्माण में अहम भूमिका का निर्वहन किया जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। जनमानस उनके इस महान बलिदान को शत–शत् नमन करता है। परन्तु आज सत्ताधारी दल द्वारा शहीद स्थल के लिए चयनित भूमि को अन्यत्र स्थान्तरित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## विधानसभा अध्यक्ष की कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आई

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल पूरी तरह स्वस्थ है, उनकी मंगलवार को कोरोना टेस्ट की रिपोर्ट निगेटिव आई है। उन्होंने कहा कि साथ ही उनकी धर्मपत्नी एवं पुत्र की कोरोना रिपोर्ट भी निगेटिव है। विधानसभा अध्यक्ष ने उन सभी शुभचिंतकों का धन्यवाद व्यक्त किया है जिन्होंने दूरभाष, मैसेज एवं सोशल मीडिया के माध्यम से उनके स्वास्थ्य की चिंता कर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की थी। विधानसभा अध्यक्ष एवं उनके परिवार सहित निजी स्टाफ का सैंपल सोमवार सुबह को लिया गया था। आज सभी की आरटीपीसीआर रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुई हैं। इस दौरान विधानसभा के वरिष्ठ निजी सचिव, सूचना अधिकारी, उपसूचना अधिकारी सहित अन्य स्टाफ की कोरोना जांच भी निगेटिव पाई गई है। अब जबकि उनकी रिपोर्ट निगेटिव आई है तो वह पूरी तरह से अपने कामकाज में जुटेंगे साथ ही अपने क्षेत्र में कार्यक्रमों में भी प्रतिभाग कर क्षेत्र के लोगों से भी मिलेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित। संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।


